डा. अम्बेदकर का जन्मदिवस मनाया

गांव हियों में डा. अम्बेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भेंट करते हुए प्रधान सुखदेव सिंह, डा. निरंजन पाल, कमेटी सदस्य एवं अन्य।

पद्दी मटवाली में सरपंच सुरिन्द्र मोहन, पंचायत सदस्य एवं अन्य गणमान्य डा. बी. आर. अम्बेदकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

बंगा, 14 अप्रैल (करम लधाणा, जसबीर सिंह नूरपुर): गांव हीयों के डा. भीम राव अम्बेदकर भवन में डा. अम्बेदकर वैल्फेयर सोसायटी (रजि.) हीयों एवं गांववासियों के सहयोग से डा. अम्बेदकर का 130वां जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से डा. निरंजन पाल ने शिरकत की। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के जन्मदाता डा. अम्बेदकर के संविधान ने समूह नारी जाति को सिर का ताज बनाया, जिसको पुराने समय में पांव की जूती समझा जाता था। उन्होंने नौजवान वर्ग को अपील करते कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा पढ़ लिखकर अपने समाज को ऊंचा उठाना चाहिए। इस अवसर पर सोसायटी के प्रदान सुखदेव सिंह पप्पू, प्यारा राम, अवतार चंद, निर्मल दास, बलवीर रत्तु, डा. राम लाल सिद्धू, बलविन्द्र कुमार, गुरदीप राम पूर्व पंच, तरसेम लाल, मनोहर लाल फौजी, बलविन्द्र कुमार पंच, धर्मवीर पाल, नंद लाल, गुरविन्द्र सिंह उपस्थित थे।

गांव पद्दी मटवाली की पंचायत ने सरपंच सुरिन्द्र मोहन के नेतृत्व में भारतीय संविधान के निर्माता डा. बी.आर. अम्बेदकर का 130वां जन्मदिवस मनाया गया और उनकी प्रतिमा पर फूलमालाएं भेंट करके श्रद्धांजलि अर्पित की। सरपंच सुरिन्द्र मोहन ने इस अवसर पर विचार प्रस्तुत करते कहा कि डा. अम्बेदकर की देन को भारतीय समाज कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने दलित समाज, महिलाओं हेतु जो सुविधाएं एवं कानून बनाए हैं वह रहती दुनिया तक लोगों को ऊंची सुच्ची जिंदगी बख्शते रहेंगे। अन्य वक्ताओं में नंद लाल पूर्व सरपंच, गुरचरण सिंह, सचिन बिरदी ने भी डा. अम्बेदकर के प्रशंसनीय योगदान की चर्चा की। इस अवसर पर अन्यों के अतिरिक्त पंच बलविन्द्र कुमार, सुखदेव राज, रामपाल, ऊषा रानी, नछत्तर कौर सभी पंच, राम सरन, अमरजीत सिंह, बलवीर कुमार, रमन बंगड़, सतिन्द्र बंगड़, बलवीर विरदी, राहुल विरदी, रमन विरदी, तरन बंगड़, मनीश बंगड़, मुकेश बंगड़ एवं गगन बंगड़ आदि उपस्थित थे।

बंगा में शिरोमणि अकाली दल द्वारा भारत के संविधान निर्माता डा. भीम राव अम्बेदकर के 130वें जन्मदिवस पर समारोह दौरान क्षेत्र विधायक डा. सुखविन्द्र कुमार सुक्खी ने कहा कि डा. अम्बेदकर ने हमें पढ़ने लिखने के हक लेकर दिए, दलितों को बराबरी के अधिकार लेकर दिए। इस अवसर पर उनके साथ स. बुध सिंह ब्लाकीपुर जिला प्रधान, सोहन लाल ढंडा जिला प्रधान एस.सी. विंग, स. सुखदीप सिंह शुकार प्रधान दोआबा जोन, कुलजीत सिंह सरहाल, उपचेयरमैन ब्लाक समिति औड़, नवदीप सिंह अनोखरवाल, स. सतनाम सिंह लादीयां जिला प्रधान किसान विंग, रमन कुमार बंगा यूथ शहरी प्रधान, सुखदेव मल्ला, बलबीर सिंह लादीयां, तरसेम लाल झल्ली, जीत सिंह भाटिया, हिम्मत तेजपाल एम.सी. बंगा, मनजीत कुमार, वंदना एम.सी. बंगा, जतिन्द्र सिंह कुन्द्रा, गुरिन्द्र सिंह बांसल, कमल संदल, सन्नी कुमार मजारी, गुरिन्द्र जींदोवाल, दीपक घई, सिकन्दर, अमरजीत सिंह गोरा, रघुविन्द्र कुमार लाली, चरणजीत गोसल, सुरजीत सिंह मांगट, हरजीत सिंह संधवां, कुलविन्द्र सिंह ढाहां, दलजीत सिंह थांदी, निर्मल सिंह हेड़ीयां, केसर सिंह महमूदपुर, जसविन्द्र सिंह मान, डिम्पल मल्लां सोढीयां, रणदीप सिंह दीपा कलेरां, मनमीत सिंह तलवंडी फत्तू, सतनाम नागरा, मनजीत सिंह बब्बल, अमरीक सिंह सोनी, मनजीत सिंह रिकू, राकेश शर्मा, जसपाल खमाचों आदि उपस्थित थे।

गांव हकीमपुर में मार्किट कमेटी बंगा के चेयरमैन दरबजीत सिंह पून्नी गेहूं की खरीद आरम्भ करवाते हुए। साथ हैं पूर्व विधायक चौधरी मोहन सिंह, ठेकेदार रजिन्द्र सिंह, हरजिन्द्र सिंह लाली, राजीव शर्मा व अन्य।

चेयरमैन दरबजीत पुन्नी ने आरम्भ करवाई गेहूं की खरीद

मुकंदपुर, 14 अप्रैल (सुखजिन्द्र सिंह बखलौर): गांव हकीमपुर की दाना मंडी में मार्किट कमेटी बंगा के चेयरमैन दरबजीत सिंह पून्नी द्वारा गेहूं की खरीद आरम्भ करवाई गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा हलका बंगा के अंतर्गत स्थित मंडियों में किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हकीमपुर मंडी में एफ.सी.आई. की खरीद आरम्भ हो चुकी है। पूर्व विधायक बंगा चौधरी मोहन सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मंडियों से किसानों का एक-एक दाना उठाएगी। उन्होंने कहा कि कैप्टन सरकार ही किसानों की हितैषी है, जिसने किसान-मज़दूर आंदोलन में किसानों का सबसे ज्यादा साथ दिया है। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ठेकेदार रजिन्द्र सिंह, हकीमपुर आढ़तीयां एसोसिएशन के प्रधान हरजिन्द्र सिंह लीला, राजीव कुमार शर्मा, सरपंच बरिन्द्र हरीश हेड़ीयां, जी.ओ.जी. गुरबचन सिंह, सुपरवाईज़र अवतार सिंह, सरबजीत संघर, नवतेज सिंह पूर्व सरपंच, नवदीप शर्मा, मनप्रीत सिंह व अन्य भी उपस्थित थे।

फिल्लौर से राहों को जाने वाली बुरी तरह टूटी हुई मुख्य सड़क का दृश्य।

सड़क पर प्रीमिक्स डालने की मांग

औड़, 14 अप्रैल (जरनैल सिंह खुर्द): पिछले लम्बे समय से फिल्लौर-औड़-राहों सड़क पर प्रीमिक्स नहीं डाला गया, पर यह बात सच है कि लगभग 40 किलोमीटर लंबी यह सड़क जो अनेक गांवों को दो ज़िलों के साथ जोड़ती है, पिछले 15-18 वर्षों से राजनीति का शिकार होती आ रही है। इन वर्षों में दोनों पार्टियों का राज बार-बार आता रहा, पर उक्त सड़क की बदकिस्मती यह है कि राहों से लेकर गांव गरचा तक विधानसभा हलका नवांशहर की हद समाप्त हो जाती है और उसके आगे विधानसभा हलका बंगा की हद आरम्भ हो जाती है, जो गांव गढ़ी अजीत सिंह के वसीमें तक जाती है। इसके आगे फिर विधानसभा हलका नवांशहर आरम्भ होकर गांव खुर्द तक जाकर उससे आगे ज़िला जालंधर के गांव लसाड़ा से हलका फिल्लौर शहर तक जाती है। इन दोनों ज़िलों के तीन विधानसभा हलकों के जो गांव इस सड़क के साथ लगते हैं, उन गांवों की पंचायतों, ग्रामीणों ने भी कई बार पूर्व अकाली-भाजपा व मौजूदा सरकार के चुने हुए प्रतिनिधियों से सड़क पर प्रीमिक्त डलवाने की अपील की, पर परनाला वहीं का नहीं रहा। इस सड़क से प्रतिदिन आने जाने वाले लोगों को अपने ज़िले शहीद भगत सिंह नगर और नज़दीकी कस्बा राहों और औड़ में आने जाने के लिए सड़क में पड़े बड़े-बड़े खड्ढों और जगह-जगह से बुरी तरह टूटी सड़क के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क की खस्ता हालत के कारण कई वाहन चालक हादसों का शिकार हुए हैं। लोगों की मांग को मुख्य रखकर प्रशासन द्वारा राहों से लेकर गांव खुर्द की हद तक थोड़ा-बहुत पैच वर्क करने का प्रयास किया है, पर यह तो लोगं की आंखों में धूल डालने वाली बात है। क्षेत्र की ग्राम पंचायतों और ग्रामीणों ने विधायक नवांशहर, हलका इंचार्ज बंगा सतवीर सिंह पल्ली झिक्की व डिप्टी कमिश्नर शहीद भगत सिंह नगर से अपील की है कि इस सड़क की प्राथमिकता के आधार पर मुरम्मत करवाकर आवाजाही को आसान बनाया जाए।

श्री खुरालगढ़ साहिब में माथा टेकर वापिस आ रहे श्रद्धालुओं की जीप पलटी

*** 18 घायलों को सड़ोआ और 1 को नवांशहर अस्पताल में भर्ती करवाया**

पोजेवाल सरां, 14 अप्रैल (रमन भाटिया): गत दिवस बैसाखी के अवसर पर श्री खुरालगढ़ साहिब में माथा टेकर वापिस आ रहे खन्ना नज़दीकी गांव के श्रद्धालुओं की जीप की गांव टेरेवाल नज़दीक घाटे पर ब्रेकें फेल होने के कारण पलट गई और जीप में सवार करीब 19 श्रद्धालु घायल हो गए। इस संबंधी जानकारी देते हुए ए.एस.आई. सुरिन्द्र कुमार ने बताया कि गत दिवस बैसाखी संबंधी गांव अलौड़ नज़दीकी खन्ना के श्रद्धालु महिन्द्रा जीप (पीबी11-सीएन-8621), जिसे जीप को हरजीत सिंह चला रहा था, में सवार होकर श्री खुरालगढ़ साहिब में माथा टेकने आए थे और जब वह रात्रि 7 से 8 बजे के मध्य वह वापिस अपने गांव जा रहे थे तो गांव टोरोवाल के नज़दीक जंगली रास्ते के घाटे में जीत की ब्रेकें फेल हो गई और अनियंत्रित होकर जीत पलट गई। इस हादसे में 19 सवारियां घायल हो गई, जिन्हें राहगिरों और गांव टोरोवाल के नौजवानों और पुलिस ने सड़ोआ अस्पताल में भर्ती करवाया, जिनमें से 1 नौजवान गुरप्रीत सिंह की गम्भीरत हालत को देखते हुए नवांशहर अस्पताल में रैफर कर दिया और अन्य 18 लोगों को मामूली चोटें लगी होने के कारण छुट्टी दे दी गई।

नवांशहर की दाना मंडी में स. प्रेम सिंह चंदूमाजरा बातचीत करते हुए।

केन्द्र से मिलकर कैप्टन सरकार भी किसान विरोधी बनी : स. चंदूमाजरा

नवांशहर, 14 अप्रैल (गुरबख्श सिंह महे): आज शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ उपप्रधान एवं पूर्व सांसद स. प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने नवांशहर की अनाज मंडी का दौरा करके किसानों की मुश्किलें सुनीं। इस अवसर पर स. चंदूमाजरा ने आरोप लगाते हुए कहा कि अकेला केन्द्र ही नहीं बल्कि केन्द्र से मिलकर राज्य सरकार भी किसानों को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर केन्द्र सरकार की बदौलत देश के किसान दिल्ली के सीमाओं पर परेशान हो रहे हैं, दूसरी ओर किसानों को राज्य सरकार द्वारा मंडियों में जान बूझकर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कैप्टन सरकार द्वारा जान बूझकर किसानों को परेशान करने हेतु गेहूं की खरीद भी देरी से शुरु की गई। प्रो. चंदूमाजरा ने कहा कि सरकारी बोली शुरू हुए लगभग चार दिन से भी ज्यादा का समय हो चुका है परन्तु दुख की बात है कि मंडियों में गेहूं के एक दाने तक की भी खरीद नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मंडियों में कोई भी खरीद एजैंसी नहीं आ रही जिस कारण किसान मंडियों में सप्ताह से भी ज्यादा समय के बैठे हैं।

प्रो. चंदूमाजरा ने कहा कि सरकार द्वारा बारदाने का भी कोई ठोस प्रबन्ध नहीं किया गया, जिस कारण पंजाब की लगभग सभी मंडियों में बारदाने की कमी के कारण गेहूं की फसल नष्ट हो रही है। चंदूमाजरा ने आरोप लगाया कि कैप्टन सरकार ने केन्द्र का साथ देते आढ़तियों एवं किसानों के रिश्तों को भी तार-तार करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र बारदाने का प्रबन्ध करके गेहूं की खरीद शुरू न की गई तो अकाली दल सड़कों पर आने हेतु मजबूर होगा। इस अवसर पर शिरोमणि अकाली दल के विधायक सुखविन्द्र सुक्खी, हलका इंचार्ज जरनैल सिंह बाहद, रमनदीप सिंह थियाड़ा जिला ग्रामीण प्रधान यूथ विंग, मनजिन्द्र सिंह वालिया जिला प्रधान आढ़ती एसोसिएशन, मलविन्द्र सिंह महालों, ब्रिगेडियर राजकुमार, बुध सिंह ब्लाकीपुर, विमल चौधरी, राजविन्द्र लक्की, दिलजीत सिंह मानेवाल के अतिरिक्त अकाली वर्कर एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

छात्रा इन्द्रजोत कौर का सम्मान करते हुए ब्लाक चेयरमैन इरवन कुमार। उनके साथ हैं सरपंच प्रोमिला देवी एवं अन्य।

होनहार छात्रा का ब्लाक चेयरमैन द्वारा सम्मान

बहराम, 14 अप्रैल (नछत्तर सिंह बहराम): विगत 32वीं नार्थ जोन जूनियर एथलैटिक्स चैम्पियनशिप 2021 मैरुत उत्तरप्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली गांव झंडेरां की होनहार छात्रा इन्द्रजोत कौर को गांव पहुंचने पर इरवन कुमार चेयरमैन एस.सी. सैल कांग्रेस ब्लाक बंगा एवं सरपंच प्रोमिला देवी द्वारा डा. भीम राव अम्बेदकर के जन्मदिवस पर मैडल से सम्मान किया। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि तीनों बहनें एथलैटिक्स में मेहनत, लग्न से जहां अपना नाम चमका रही हैं वहीं गांव झंडेरां का नाम भी मशहूर कर रही हैं। इस अवसर पर इरवन कुमार चेयरमैन एस.सी. सैल कांग्रेस ब्लाक बंगा, सरपंच प्रोमिला देवी, डा. सुरिन्द्र झंडेर पंच, मास्टर राम प्रकाश, जसविन्द्र सिंह, ज्ञान चंद पूर्व पंच झंडेर खुर्द, गुरशान रत्तु, अभिजोत सिंह, मनकीरत सिंह, ब्रह्मजोत कौर, सुखरीत कौर आदि।

पल्ली झिक्की में 50 व्यक्तियों को लगाई कोविड-19 वैक्सीन

पल्ली झिक्की, 14 अप्रैल (कुलदीप सिंह पाबला): गांव पल्ली झिक्की के सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में कम्यूनिटी स्वास्थ्य अधिकारी रशमी, मैडीकल अफसर डा. रणजीत सिंह के नेतृत्व में और बलकार सिंह सरपंच की निगरानी में गांव के 45 वर्ष से ज्यादा आयु के 50 लोगों को टीके लगाए। इस कैंप के दौरान बलकार सिंह सरपंच ने भी कोविड-19 वैक्सीन का टीका लगवाया। इस अवसर पर गुरदेव कौर ए.एन.एम. पूनम, बलकार सिंह सरपंच व गांव के अन्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

कोरोना की रोकथाम हेतु सभी को लगवानी चाहिए वैक्सीन

मुकन्दपुर के सरकारी अस्पताल में सरपंच फकीर चंद कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाते हुए। उनके साथ हैं स्वास्थ्य निरीक्षक राजकुमार हंस एवं अन्य।

मुकन्दपुर, 14 अप्रैल (सुखजिन्द्र सिंह बखलौर): देश में दोबारा बढ़ रही नामुराद कोरोना की रोकथाम हेतु सरकार द्वारा वैक्सीन-19 कोवीशील्ड टीका तैयार किया गया है और स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस बीमारी को जड़ से खत्म करने हेतु सारे देशवासियों को सूचित किया जा रहा है और लोगों को इस सम्बन्धी जागरूक भी किया जा रहा है। लोग इस टीके को बड़े उत्साह से लगवा रहे हैं। इसी शृंखला के तहत सरपंच फकीर चंद मालोमजारा सरकारी अस्पताल मुकन्दपुर से कोरोना का टीका लगवाकर प्रेरणा स्रोत बने। इस अवसर पर हैल्थ इंस्पैक्टर राजकुमार हंस ने बताया कि कोरोना कीरोकताम हेतु कोविड-19 कोवीशील्ड पूरी तरह सुरक्षित है और इसलिए कोरोना योद्धा मैडीकल सेवाओं से जुड़े स्टाफ सदस्यों का समय को मुख्य रखते हुए टीकाकरण किया जा रहा है।

ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਬਾਬਤ ਖੁੱਲੀ ਬੋਲੀ

ਹਰ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਨਗਰ ਕੌਂਸਲ ਰਾਮਪੁਰਾ ਫੂਲ ਵੱਲੋਂ ਮਿਤੀ 22.04.2021 ਨੂੰ ਹੇਠ ਲਿਖੇ ਸਮੇਂ, ਸਥਾਨ ਅਤੇ ਵੇਰਵੇ ਅਨੁਸਾਰ ਖੁੱਲੀ ਬੋਲੀ ਕਰਵਾਈ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ।

ਲੜੀ ਨੰ.	ਵੇਰਵਾ	ਸਮਾਂ	ਸਥਾਨ
1.	ਨਗਰ ਕੌਂਸਲ ਰਾਮਪੁਰਾ ਫੂਲ ਦੀ ਹਦੂਦ ਅੰਦਰ ਦੁਕਾਨ ਨੰਬਰ 11 ਨੇੜੇ ਧੋਬੀਘਾਟ ਹੁਕਮ ਨੰ. 54 ਮਿਤੀ 01.03.2021 ਅਨੁਸਾਰ ਕਿਰਾਏ ਤੇ ਦੇਣ ਬਾਰੇ।	ਸਵੇਰੇ 11.00 ਵਜੇ	ਦਫਤਰ ਨਗਰ ਕੌਂਸਲ ਰਾਮਪੁਰਾ ਫੂਲ

ਲੋੜਵੰਦ ਸੱਜਣ ਸਮੇਂ ਸਿਰ ਪਹੁੰਚ ਕੇ ਇਸ ਸੁਨਹਿਰੀ ਮੌਕੇ ਦਾ ਫਾਇਦਾ ਉਠਾ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਸ਼ਰਤਾਂ ਮੌਕੇ ਤੇ ਪੜਕੇ ਸੁਣਾਈਆਂ ਜਾਣਗੀਆਂ। ਬਿਨਾਂ ਕਾਰਨ ਦੱਸੇ ਕਿਸੇ ਇੱਕ ਜਾਂ ਸਾਰੀਆਂ ਬੋਲੀਆਂ ਨੂੰ ਰੱਦ ਕਰਨ ਦਾ ਅਧਿਕਾਰ ਪ੍ਰਧਾਨ/ਕਾਰਜ ਸਾਧਕ ਅਫਸਰ ਨਗਰ ਕੌਂਸਲ ਰਾਮਪੁਰਾ ਫੂਲ ਨੂੰ ਹੋਣਗੇ। ਹਰ ਇੱਕ ਬੋਲੀਕਾਰ ਨੂੰ ਬਿਆਨਾ ਰਕਮ 20,000/-ਰੁਪੈ ਜਮਾਂ ਕਰਵਾਉਣੀ ਹੋਵੇਗੀ। ਜੇਕਰ ਬੋਲੀ ਵਾਲੇ ਦਿਨ ਕੋਈ ਸਰਕਾਰੀ ਛੁੱਟੀ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਬੋਲੀ ਅਗਲੇ ਕੰਮ ਵਾਲੇ ਦਿਨ ਕਰਵਾਈ ਜਾਵੇਗੀ।

ਕਾਰਜ ਸਾਧਕ ਅਫਸਰ,
ਨਗਰ ਕੌਂਸਲ, ਰਾਮਪੁਰਾ ਫੂਲ

ਨੰ.494

RESULT OF PUNJAB STATE

LABHLAXMI KEDARS WEDNESDAY WEEKLY LOTTERY SCHEME

DRAW DATE 14-04-2021

1st Prize (50)Rs.10000/-(On last 4 digits, Common to all Series)

1478

2nd Prize (50)Rs.5000/-(On last 4 digits, Common to all Series)

5823

3rd Prize (50)Rs.500/-(On last 4 digits, Common to all Series)

3872

4th Prize (50)Rs.300/-(On last 4 digits, Common to all Series)

7884

5th Prize (50)Rs.200/-(On last 4 digits, Common to all Series)

8924

6th Prize (25000) Rs. 50/- (On last 4 digits, Common to all series)

0071 0099 0105 0118 0124 0125 0167 0236 0242 0251
0286 0316 0345 0422 0430 0478 0495 0540 0549 0583
0631 0653 0728 0732 0822 0844 0853 0877 0904 0927
0968 0974 1005 1021 1036 1054 1081 1084 1109 1110
1139 1141 1144 1153 1180 1185 1312 1325 1382 1400
1489 1540 1542 1597 1652 1674 1675 1742 1761 1789
1808 1813 1822 1828 1860 1872 1890 1895 1897 1912
1964 2026 2046 2081 2090 2091 2121 2127 2142 2148
2171 2208 2238 2250 2288 2321 2342 2398 2416 2422
2482 2531 2557 2570 2585 2603 2624 2663 2678 2688
2788 2811 2819 2824 2960 2965 2966 2986 2991 3001
3036 3072 3093 3124 3125 3212 3220 3266 3270 3331
3386 3391 3403 3423 3490 3516 3534 3545 3550 3566
3578 3582 3608 3619 3715 3719 3732 3747 3786 3814
3815 3818 3849 3921 3967 3981 3990 3995 4024 4030
4111 4126 4153 4200 4205 4212 4233 4235 4247 4295
4301 4307 4314 4325 4329 4500 4512 4566 4670 4685
4709 4726 4728 4736 4748 4752 4762 4801 4804 4958
4991 4999 5035 5055 5123 5139 5161 5186 5245 5253
5268 5276 5305 5312 5322 5329 5337 5338 5360 5371
5424 5442 5469 5515 5581 5583 5612 5675 5696 5705
5707 5731 5849 5902 5968 6012 6022 6024 6035 6056
6057 6070 6123 6144 6167 6175 6199 6221 6243 6264
6289 6304 6325 6392 6401 6407 6518 6523 6528 6531
6542 6681 6684 6739 6755 6760 6762 6786 6808 6832
6846 6969 6998 7010 7025 7044 7047 7137 7151 7185
7186 7198 7214 7222 7279 7314 7360 7372 7468 7472
7498 7510 7535 7536 7543 7548 7549 7554 7562 7620
7631 7637 7644 7686 7690 7742 7756 7774 7776 7806
7838 7845 7861 7954 7987 8000 8008 8018 8031 8065
8073 8082 8108 8109 8126 8139 8150 8168 8223 8237
8240 8241 8245 8262 8268 8285 8323 8340 8346 8350
8443 8480 8564 8568 8591 8603 8620 8634 8635 8643
8647 8661 8699 8729 8751 8788 8795 8816 8823 8887
8911 8951 8984 8996 9035 9138 9150 9165 9176 9247
9302 9311 9376 9383 9384 9403 9418 9422 9438 9445
9463 9516 9525 9526 9544 9563 9602 9611 9624 9634
9648 9701 9722 9750 9751 9760 9785 9792 9798 9826
9848 9866 9876 9921 9938 9941 9944 9958 9973 9985

* Amount of Sub Agent & Seller Prizes will be paid as approved in the scheme.
* PRIZE WINNING TICKETS MUST BE CLAIMED WITHIN 30 DAYS FROM THE DATE OF PUBLICATION OF RESULT
Issued by Directorate of PUNJAB STATE LOTTERIES
Check the final result with Gazette Notification

No.26/11/26/2021/3301

UPCOMING ATTRACTION PUNJAB STATE BAISAKHI BUMPER 2021
DRAW ON 19 APRIL 2021
Issued By: DIRECTOR, PUNJAB STATE LOTTERIES, CHANDIGARH
For Details Contact: 0172-2660202 or website: www.punjabstatelotteries.gov.in

HIMACHAL PRADESH P W D

कार्यालय
कार्यकारी अभियंता (मकैनिकल मंडल)
हि.प्र. लोक निर्माण विभाग, कुल्लू-175101

फोन/फैक्स : 01902-222052, ईमेल : eems-kul-hp@nic.in

ई-प्रोक्योरमैंट नोटिस
बोलियों हेतु आमंत्रण (आई.एफ.बी)

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल की ओर से कार्यकारी अभियंता, मकैनिकल मंडल, हि.प्र. लोनिवि कुल्लू द्वारा हि.प्र.लो.नि.वि. के पास योग्य एवं प्रवाणित ठेकेदार से निम्नलिखित कार्य के निर्माण हेतु इलैक्ट्रानिक टैंडरिंग सिस्टम में आईटम रेट बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।

क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	बोली सिक्योरिटी	दस्तावेज़ कीमत	मुकम्मल करने का समय
1.	तहसील पधर ज़िला मंडी (हि.प्र.) में लूनी खड्ड पर डडवाल में 25.00 आर एमटीएस स्टील ट्रस फुट ब्रिज का निर्माण करना। (उपशीर्ष : लांचिंग एवं अन्य फुटकल कार्य)।	6,27,283.00	12,600.00	350.00	दो माह

2. **महत्वपूर्ण तिथियां**

1. आनलाईन प्रकाशना की तिथि	21.04.2021, प्रात: 11.00 बजे
2. दस्तावेज़ डाऊनलोड प्रारंभ एवं अंतिम तिथि	21.04.2021, प्रात: 11.00 बजे 02.05.2021, सायं 5.00 बजे तक
3. बोली पेश करने की शुरुआत एवं अंतिम तिथि	21.04.2021, प्रात: 11.00 बजे 02.05.2021, सायं 5.00 बजे तक
4. ईएमडी की फिजीकल सबमिशन एवं निविदा दस्तावेज़ की कीमत	03.05.2021, सायं 5.00 बजे तक
5. तकनीकी बोली खुलने की तिथि, तकनीकी बोली के मूल्यांकन के बाद वित्तीय बोली का खुलासा	04.05.2021 प्रात: 11.00 बजे

बोली दस्तावेज वैबसाइट https://hptenders.gov.in से डाऊनलोड किए जा सकते हैं। साईट से डाऊनलोड किए दस्तावेज़ टैम्पर्ड न हो एवं यदि बोलियां खोलने से पूर्व अथवा बाद में ऐसी टैम्परिंग पाई जाती है तो बोलीकारों को जुर्माना किया जाएगा एवं ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।
अन्य नियम एवं शर्तें बोली दस्तावेज़ों में दर्शाए अनुसार वही रहेंगी, जिनको वैबसाईट पर देखा जा सकता है।
3. नियम एवं शर्तें :- हि.प्र. लो.नि.वि. में पजीकरण/सूचीकरण की स्कैनड प्रति।
पैन/डीएसटी नं./ एवं आयकर क्लीयरैंस सर्टीफिकेट की स्कैनड प्रति।
इसी किस्म के कार्य को मुकम्मल किए हो संबंधी सर्टीफिकेट का स्कैन्ड प्रति
धरोहर राशि एवं प्रपत्र की कीमत की स्कैनड प्रति।
संलग्न किए दस्तावेज़ों के असल एवं सही होने से संबंधी हल्फन बयान की स्कैन्ड प्रति।
4. निविदा विवरण : निविदा दस्तावेज 2 लिफाफों में ऑनलाइन अपलोडिड होंगे।
लिफाफा 1: सभी तकनीकी दस्तावेजों/योग्यता मापदंड की स्कैन कापियां संलग्न होंगी।
लिफाफा 2 : बीओक्यू/वित्तीय बोली शामिल होंगी यहां ठेकेदार प्रत्येक आईटम हेतु अपनी दरें कोट करेंगे।
5. मूल दस्तावेजों का पेश करना : बोलीकारों को दो अलग लिफाफों में बोलियां पेश करनी होंगी।
लिफाफा 1 (ए) बोली दस्तावेज़ों की कीमत के लिए असल डिमांड ड्राफ्ट।
(बी) असल बोली सिक्योरिटी/धरोहर राशि (ईएमडी) एवं अन्य तकनीकी आवश्यक दस्तावेज।
लिफाफा 2 निविदा खुलने की तिथि को क्रमांक 4 में महत्वपूर्ण तिथियों में निर्धारित अनुसार कार्यकारी अभियंता, मकैनिकल मंडल, हि.प्र. लो.नि.वि. कुल्लू के कार्यालय में वित्तीय बोली अन्यथा बोलियां नान रिस्पांसिव घोषित की जाएंगी।
बोलीकारों कों आनलाईन बोली में निविदा दस्तावेज़ों में दर्शाए अनुसार दस्तावेज़ों की कीमत, ईएमडी, (धरोहर राशि कुल्लू में अदायगीयोग्य अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में विधिवत प्रतिश्रुत सूचीबद्ध बैंक के डिमांड ड्राफ्ट/फिक्सड डिपाज़िट्स या डाकघर के काल डिपाज़िट के रूप में हो) एवं अन्य दस्तावेज़ों की स्कैनड कापियां संलग्न होनी चाहिएं। ईएमडी एवं दस्तावेज़ों की कीमत के संबंध में असल इस्ट्रूमैंटस बोलियों के खुलने के समय पर या इससे पहले निविदा आमंत्रण अथार्टी को पेश करने होंगे, अन्यथा बोली नान रिसपांसिव घोषित की जाएगी।
निविदा दस्तावेज़ों में दर्शाई ईएमडी, दस्तावेज़ों की कीमत के विवरण वही होने चाहिएं जो आनलाईन (स्कैनड कापियां) पेश की गई हैं। अन्यथा निविदा सरसरी तौर पर निरस्त की जाएंगी।
6. **बोली खुलने के विवरण :** बोलियां अधिकृत अधिकारी द्वारा कार्यकारी अभियंता मकैनिकल मंडल हि.प्र. लोनिवि कुल्लू के कार्यालय में 04.05.2021 प्रात: 11.00 बजे खोली जाएगी। निविदकों से उनके हित में निविदाएं खुलने के समय असल दस्तावेजों के साथ हाजिर होने का परामर्श है। यदि कार्यालय निर्धारित अनुरूप बोलियां खुलने की तिथि को बंद हो जाता है, बोलियां अगले कार्यदिवस को उसी समय व स्थान पर खोली जाएंगी।
7. उपरोक्त कार्य हेतु बोलियां बोली जमा कराने हेतु अंतिम तिथि के पश्चात् न्यूनतम 90/120 दिन की अवधि के लिए स्वीकृति हेतु वैध रहेंगी।
8. अन्य विवरण बोली दस्तावेजों में देखे जा सकते हैं। निविदा आमंत्रण करने वाला अधिकारी इसके नियंत्रण से बाहर या सिस्टम फेल होने के कारण किसी प्रकार की देरी के लिए ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। यद्यपि सिस्टम किसी अपडेट्स बारे बोलीदाताओं को अधिसूचित करने का प्रयास करेगा, नियोक्ता को बोलीदाता द्वारा किसी सूचना की प्राप्ति न होने के लिए ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। यह बोलीदाता की ज़िम्मेदारी है कि निवदिा संबंधी नवीनतम जानकारी प्राप्त करने के लिए वैबसाइट पर सत्यापन करते रहें।

कार्यकारी अभियंता, मकैनिकल मंडल,
हि.प्र.लो.नि.वि. कुल्लू-175101,
राज्यपाल हिमाचल प्रदेश की ओर से
ई-मेल : eems-kul-hp@nic.in

No. 0244/2021-2022